UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition


यंग भारत टेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-222 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 25 जुलाई 2026 youngbharatE-paper.com

# संत रविदास की जन्मस्थली की मिट्टी से यूपी-पंजाब के राजतिलक की तैयारी

## गुरु पूर्णिमा पर नितिन नवीन-सीएम योगी पहुंचेंगे वाराणसी


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** 2027 में उत्तर प्रदेश के साथ पंजाब के भी विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी मजबूती से लड़ने के लिए तैयार दिख रही है। एक ओर उत्तर प्रदेश में लगातार दो बार से वह सरकार में है, तो वहीं दूसरी ओर आम आदमी पार्टी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी पंजाब में एक बड़ी चुनौती पेश करने का मन बना चुकी है।

इन दोनों राज्यों में संत रविदास को मानने वाले दलित वोटरों की संख्या अच्छी खासी है। कई विधानसभा सीटों पर तो रैदासी समुदाय के मानने वाले निर्णायक भूमिका में हैं। ऐसे में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का वाराणसी स्थित संत रविदास जन्मस्थली पर आना एक बड़ा राजनीतिक संदेश देगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ गुरु पूर्णिमा के दिन संत रविदास जन्म स्थान पहुंचेंगे। गुरु पूर्णिमा पर बनारस के सभी मठ-मंदिर और आश्रमों में उत्साह और उमंग का माहौल रहता है, लेकिन इस बार संत रविदास की जन्मस्थली पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन शामिल होंगे। कार्यक्रम के अनुसार, संत रविदास जन्मस्थली से 131 कलश में मिट्टी को लेकर पूरे देश के उन जगहों पर पहुंचने की तैयारी की जा रही है, जहां-जहां संत रविदास ने अपना जीवन बिताया या उनसे जुड़ी हुई कोई संग्रहालय या स्थान है भाजपा इस कार्यक्रम के तहत दलितों के बीच एक सकारात्मक संदेश देने की तैयारी में है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ पंजाब के एक बड़े जनसंख्या पर संत रविदास को अपना आदर्श मानने वालों पर खासा प्रभाव है। भाजपा अध्यक्ष रविदास जन्मस्थली के पास बने संत रविदास पार्क के पास ही एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। ये पहली बार है कि जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत रविदास जन्मस्थली आ रहे हैं। आमतौर पर बड़े राजनीतिक नेताओं का संत रविदास के जन्मस्थली पर आने का सिलसिला रविदास जयंती के समय ही होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत देश के कई बड़े दिग्गज नेता रविदास जयंती पर आते रहे हैं। गुरु पूर्णिमा पर आमतौर में कोई बड़ा नेता नहीं आता है, लेकिन इस बार गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास जन्मस्थली पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भी पहुंच रहे हैं। इस दौरे को लेकर प्रयास लगाए जा रहे हैं कि उत्तर प्रदेश और पंजाब के दलित वोटरों में कहीं न कहीं पैठ बनाने की एक कोशिश है, क्योंकि 2027 में उत्तर प्रदेश और पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं और संभावना ऐसी जताई जा रही है कि दोनों प्रदेशों में एक साथ ही विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।

# अयोध्या: चंदा चोरी विवाद के बीच श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट का ऐतिहासिक निर्णय!

## संतों को सौंपी मंदिर की यह जिम्मेदारी, जानिए कौन होगा नया सीईओ



( यंग भारत न्यूज )

**अयोध्या:** राम मंदिर में चढ़ावे और वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों के बीच बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मणि रामदास की छावनी में एक अहम बैठक आयोजित की. इस बैठक में धार्मिक आयोजन और पूजन पद्धति को सुचारू बनाने के लिए अयोध्या के संतों के साथ एक नई 9 सदस्यीय धार्मिक समिति का पुनर्गठन किया गया.

कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी ने बताया कि राम मंदिर में रामानंदी परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना की शुचिता और परंपरा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है. इसके लिए अयोध्या के प्रमुख संतों को धार्मिक व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है. समिति में शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती, स्वामी विश्वप्रसन्नतीर्थ, युगपुर स्वामी परमानंद, महंत दिनेन्द्र दास, महंत कमलनयन दास, महंत राजकुमार दास, स्वामी रामानंद दास और स्वामी मिथिलेशनंदिनी शरण सहित कई संत शामिल किए गए हैं. वहीं, समिति की अध्यक्षता स्वामी गोविंद देव गिरि करेंगे. ट्रस्ट के महासचिव कृष्ण मोहन ने बताया कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी यानी सीईओ के चयन के लिए गठित समिति ने आवेदनों की अधिक संख्या और प्रक्रिया की गंभीरता को देखते हुए एक महीने का अतिरिक्त समय मांगा था, जिसे ट्रस्ट ने मंजूरी दे दी है. तब तक प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रखने के लिए एक सचिव की नियुक्ति को भी स्वीकृति प्रदान की गई है. बैठक में चढ़ावा गणना व्यवस्था की भी समीक्षा की गई. ट्रस्ट ने बताया कि एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट अभी प्राप्त नहीं हुई है, इसलिए उस पर कोई चर्चा नहीं की गई. वहीं, भारतीय रिजर्व बैंक के सहयोगी संस्थान टकसाल (मिंट) के साथ स्वर्ण और रजत चढ़ावे की मात्रा एवं शुद्धता की जांच की स्थायी व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया. साथ ही, स्टेट बैंक के साथ एमओयू और बैंक की जिम्मेदारियों पर भी विस्तार से चर्चा हुई. यह भी बताया गया कि तमाम आरोपों और विवादों के बावजूद श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई है. करोड़ों रामभक्तों की आस्था पहले की तरह मजबूत है. मीडिया के माध्यम से समाज से नियमित संवाद बनाए रखने के लिए ट्रस्ट ने आधिकारिक प्रवक्ता नियुक्त करने का भी फैसला लिया है. वहीं, ट्रस्ट के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है, जिसमें अभी कुछ और सप्ताह लगेंगे.

# सीएम योगी आज उरई में

## इन्दिरा स्टेडियम में होगी जन सभा

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 25 जुलाई 2026 को जनपद जालौन भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 12:40 बजे पुलिस लाइन जालौन स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। इसके बाद दोपहर 12:45 बजे कार्यक्रम स्थल डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स ग्राउंड, निकट राजकीय मेडिकल कॉलेज, जनपद जालौन पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री दोपहर 12:45 बजे से 1:45 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में जनपद जालौन की माधौगढ़, सदर एवं कालपी विधानसभा क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के बाद दोपहर 1:45 बजे से 2:45 बजे तक का समय आरक्षित रखा गया है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री दोपहर 2:45 बजे कार्यक्रम स्थल से प्रस्थान कर 2:50 बजे पुलिस लाइन जालौन स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। यहां से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 2:50 बजे हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री के जनपद आगमन को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।




# बॉयफ्रेंड के सामने नीट छात्रा का नोंच डाला बदन, एक नहीं दो नहीं.इतने मर्दों ने बनाया हवस का शिकार; चिल्लाता रह गया प्रेमी

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के चित्रकूट से एक बार फिर मानवता को शर्मशार कर देने वाली खबर सामने आई है. देश में आए दिन रेप और क्राइम के मामले दुगनी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं.



कहीं कोई पत्नी अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतार रही है, तो कहीं लड़कियों के साथ दरींदगी की जा रही है. ऐसा ही एक मामला चित्रकूट से सामने आया है. यहां सतना जिले की 20 साल की नीट छात्रा के साथ हैवानीयत की सारी हदें पार कर दी गई. छात्रा अपने ब्वॉयफ्रेंड के साथ चित्रकूट घूमने के लिए निकली थी. वह दोनों इस दौरान देवांगना घाटी में बैठे हुए थे, तभी वहां तीन यूवक आ गए. तीनों यूवक खुद को वनकर्मी बताकर कपल को धमकाने लगे. ब्वॉयफ्रेंड के हाथ-पैर पकड़ उन्होंने उसे खूब पीटा. फिर तीनों छात्रा को जमीन पर बेरहमी से खींचते हुए झाड़ी के पीछे ले गए और गैंगरेप को अंजाम दिया. बता दे कि, घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए. पूरी घटना बुधवार, दोपहर तीन बजे हुई. पुलिस को मामले को जानकारी दी गई. जानकारी के मुताबिक, घटना के बाद ब्वॉयफ्रेंड ने खुद के हाथ-पैर खोले और छात्रा के पास पहुंचा. लड़के ने इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दी. छात्रआ ने पुलिस को बताया कि वह कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रही है. उसका ब्वॉयफ्रेंड चित्रकूट में रहता है. वहीं 12वीं क्लास का स्टूडेंट है और वह इसी लिए यहां घूमने आई थी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल की जांच की. इस दौरान चित्रकूट जिला के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह भी मौजूद थे. फिलहाल इस पूरे मामले में स्न्ढ्ढक्रदर्ज कर ली गई है. पुलिस ने मामले की जांच की तो, सीसीटीवी फुटेज में तीनों आरोपी बाइक से जाते नजर आ रहे हैं. पुलिस ने एक संदिग्ध को भी अपनी हिरासत में ले लिया है. सोशल मीडिया के जरिए लड़की और लड़के की पहचान हुई थी. पुलिस को लड़ने ने बताया कि वह 2 साल पहले सोशल मीडिया के जरिए मिली थी. वह कुछ समय पहले ही छुट्टी के लिए घर आई थी. फिर मैंने उसे घूमने के लिए चित्रकूट बुला लिया. हम दोनों करीब 1 बजे बाइक से देवांगना घाटी पहुंचे. हम वहां रील बना रहे थे, तभी तीन युवक ने बाइक रोकी और गर्लफ्रेंड के साथ ये सब किया.

# सरकार मान रही नीट की वजह से 20 आत्महत्या, जिम्मेदारी क्यों नहीं लेती

## डिंपल यादव ने किए तीखे सवाल

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** नीट पेपर लीक प्रकरण का मुद्दा देश की राजधानी दिल्ली से लेकर उत्तर प्रदेश तक गरमाया हुआ है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव पहले तमाम विरोधी दल इस मुद्दे पर राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इस क्रम में समाजवादी पार्टी लगातार हमलावर रुख अपनाए हुए है। अखिलेश यादव और डिंपल यादव छात्रों के प्रदर्शन को लीड करते दिखे हैं। समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव ने छात्रों के प्रदर्शन के दौरान लगातार नीट पेपर लीक के मुद्दे को उठाया है। अब वे सवाल कर रही है कि इस मुद्दे पर सरकार जिम्मेदारी क्यों नहीं ले रही है?

डिंपल यादव की मांग है कि सरकार को जवाबदेही लेते हुए मंत्री का इस्तीफा कराना चाहिए। दरअसल, कॉकरोच जनता पार्टी के दिल्ली में चल रहे धरने का मुख्य मुद्दा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा है। इसको लेकर प्रदर्शनकारी लगातार मांग उठा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक आंदोलन खत्म नहीं होगा। डिंपल यादव इस मुद्दे को उठाते दिख रही हैं।सपा सांसद डिंपल यादव ने छात्रों के आंदोलन के मसले पर कंफ्यूजन को लेकर बड़ी बात कही। उन्होंने कहा कि कोई कंफ्यूजन नहीं है। कन्फ्यूजन भारतीय जनता पार्टी की सरकार और कुछ मीडिया ग्रुप फैला रहे हैं। छात्रों की और हमारी एक ही मांग है, एजुकेशन मिनिस्टर रिजाइन करें। साथ ही, हम यह भी चाहते हैं कि सदन में मामले पर चर्चा हो। उसके बाद सरकार जवाब दे कि आखिरकार इतनी हिंसा कैसे हुई? राजधानी में इतनी हिंसा का प्रयोग आखिरकार सरकार ने क्यों किया? डिंपल यादव ने कहा कि सरकार क्या यह नहीं मान रही है कि नीट पेपर लीक के कारण 20 सुसाइड हुए हैं। इन मामलों के



सामने आने के बाद भी सरकार आखिरकार क्यों रिस्पांसिबिलिटी नहीं ले रही है। सरकार को जिम्मेदारी लेते हुए शिक्षा मंत्री का इस्तीफा कराना चाहिए। डिंपल यादव ने मीडिया से बातचीत के क्रम में छात्रों के दिल्ली आने की वजह भी बताई। उन्होंने कहा कि छात्र यह बताने दिल्ली आए थे कि एजुकेशन सिस्टम में रिफॉर्म्स होना चाहिए। एजुकेशन मिनिस्टर को रिजाइन करना चाहिए। पेपर लीक मामलों में अकाउंटेबिलिटी सेट होनी चाहिए। सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए, लेकिन कहीं न कहीं ये सरकार अपनी जिम्मेदारी लेने से पीछे हट रही है। सरकार चाहती है कि छात्रों का मुद्दा सामने नहीं आए। इसीलिए बल का प्रयोग कर रही है। डिंपल यादव ने कहा कि यह केवल दिल्ली का मुद्दा नहीं है। पूरे देश में पेपर लीक का मुद्दा गरमाया हुआ है। उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र सब जगह हम देख रहे हैं कि किस तरह छात्रों के बीच में नाराजगी है। उनमें गुस्सा है। इसको लेकर भाजपा और उनके सहयोगी दलों के सांसद भी सरकार को समझा नहीं पा रहे हैं। डिंपल यादव ने स्पष्ट शब्दों में अपनी मांग दोहराई कि छात्रों के मुद्दे और मांग पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। हर छात्र आज के समय में यही चाह रहा है। हमारी भी यही मांग है। इसी के साथ हम यह चाहते हैं कि सरकार साफ करे, छात्रों के आंदोलन के बीच इतनी हिंसा क्यों होने दी गई? डिंपल ने कहा कि इसके लिए कहीं न कहीं देश के गृहमंत्री जिम्मेदार हैं।

# अखिलेश यादव का बड़ा सियासी दांव! 26 जुलाई को देश भर में मचेगी धूम

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** इस वक्त की एक बहुत बड़ी राजनीतिक खबर सामने आ रही है. समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक बड़ा ऐलान करते हुए घोषणा की है कि आगामी 26 जुलाई को पूरे उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश भर में उनकी पार्टी की ओर से 'संविधान-मानस्तंभ स्थापना दिवस' बहुत ही धूमधाम से आयोजित किया जाएगा.सपा प्रमुख का कहना है कि इस विशेष दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य समाज के बीच सामाजिक न्याय, हर नागरिक को समान अवसर और हमारे देश के संवैधानिक मूल्यों के प्रति बड़ी जनजागरूकता बढ़ाना है. अखिलेश यादव ने जोर देकर कहा कि इतिहास के पन्नों में 26 जुलाई का यह दिन बेहद खास और विशेष महत्व रखता है. उनके मुताबिक, यह वही ऐतिहासिक दिन था जब तत्कालीन कोल्हापुर रियासत के महान शासक राजर्षि छत्रपति शाहूजी महाराज ने महात्मा ज्योतिराव फुले के महान सामाजिक विचारों से गहरी प्रेरणा लेते हुए सबसे पहले आरक्षण की व्यवस्था को लागू किया था. उन्होंने इस कदम को देश में सामाजिक न्याय की दिशा में उठाया गया एक बेहद महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया. समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस आरक्षण व्यवस्था ने ही समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में जुड़कर आगे बढ़ने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है. उन्होंने याद दिलाया कि आगे चलकर इसी महान विचारधारा को बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अथक प्रयासों और संघर्षों के बाद हमारे भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय और समान अवसर के बुनियादी सिद्धांतों के रूप में पक्का स्थान मिला. अखिलेश यादव का मानना है कि केवल अच्छी बातें सोचना नहीं, बल्कि वैचारिक सोच को जमीन पर उतारकर व्यवहार में लाना ही समाज में किसी भी असली बदलाव की सबसे बड़ी पहचान होती है, और 26 जुलाई का दिन इसी ऐतिहासिक पहल की याद ताजा कराता है. इस खास आयोजन की रूपरेखा साझा करते हुए अखिलेश यादव ने बताया कि इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय, सभी जिला कार्यालयों और अन्य तमाम संगठनात्मक दफ्तरों में सादगीपूर्ण लेकिन भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इन सभी आयोजनों के दौरान पार्टी कार्यकर्ता और नेता भारतीय संविधान की मूल प्रति के समक्ष खड़े होकर संविधान के आदर्शों और सामाजिक समरसता तथा सामाजिक न्याय के संकल्प को एक बार फिर से दोहराएंगे.

# भक्त की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं भगवान-कथा व्यास

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** गुदरिया हनुमान मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन कथा व्यास आचार्य पंडित विष्णुकांत शाष्त्री ने भक्त प्रहलाद की कथा का विस्तार से वर्णन कर उपस्थित श्रोताओं को भक्त और भगवान के बीच होने बाले अपार प्रेम का वर्णन किया उन्हौने कहा भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।भक्त सच्चे मन से प्रभू के जिस समय जहां याद करता है। भगवान वही प्रगट हो जाते हैं।भगवान किसी के साथ दुर व्यवहार नहीं करते भक्त को स्नेह करते हैं भले ही उनका भक्त कितने ही बड़े दुराचारी के साथ ही क्यों न रहता हो जैसे हिरण्य कश्यप अपने राज्य में रहने वाले लोगों पर घोर अत्माचार करता था उन्हें भगवान का भजन भी नहीं करने देता था जब उसका पुत्र प्रहलाद जो भगवान का सच्चा भक्त था और वह अपने पिता की बात न मानकर भगवान का भजन करता रहता था। उसकी इस बात से नाराज होकर उसके पिता ने उसे कई बार मृत्य दंड देने का प्रयास किया। उसे हाथी से कुचलवाने का प्रयास किया ऊँचे पहाड़ो से धकेलकर उसे मारना चाहा जब इतने के बावजूद भी उसने अपनी बहन जिसके पास अग्नि में न



जलने वाला चादर था उसकी गोद में बैठाकर प्रहलाद को मारने का प्रयास किया लेकिन भगवान ने उस समय प्रहलाद की रक्षा' कर होलिका को जला दिया। अंत में हिरन कश्यप ने स्वयं प्रहलाद को गर्म खम्भे से बांधकर अपनी तलवार से उसकी हत्या करनी चाही तब प्रहलाद ने भगवान विष्णु का स्मरण किया और भगवान विष्णु ने अपने भक्त की रक्षा के लिए उस खम्भों को फाड़कर नरसिंह के रूप में प्रगट हुए। मात्र चेतन में ही नहीं, जड़ में भी ईश्वर का दर्शन करो। ईश्वर जड़ और चेतन दोनों में है, लौकिक दृष्टि से पृथ्वी जड़ हैं कितु इसमें भी ईश्वर की भावना करनी चाहिए। नृसिह स्वामी का प्राकट्य स्तम्भ में से हुआ था। तुम सोचो कि वे स्तम्भ में कैसे रह पाए होगे। स्तंभ तो ठोस था, पोला नहीं। ठाकुर जो अन्दर कैसे रहे होंगें, ठाकुर जी तो उक्त स्तंभ में सूक्ष्म रूप से बसे हुए थे, पर प्रहलाद जी की भक्ति से आकर्षित होकर उन्होंने स्थल रूप धारण किया था प्रह्लाद का प्रेम इतना शक्तिशाली था कि प्रभु को सूक्ष्म रुप होकर स्थूल धारण करना पड़ा।परीक्षित के रूप में उषा राधाकृष्ण श्रीवास्तव उपस्थित रहे।कथा विश्राम के बाद प्रसाद वितरण किया गया जिसे सभी ने ग्रहण किया।

## मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** । घर में घुसकर मालपीट करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को कोतवाली पुलिस ने पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी विष्णु सिंह कोतवाली में वर्ष 2015 में दर्ज घर में घुसकर मारपीट किए जाने के मामले में न्यायालय द्वारा वांछित चल रहा था। न्यायालय में लगातार पेश न होने के चलते उसके खिलाफ गैर जमानती वारंटी जारी किया गया था। शुक्रवार की सुबह छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी आलोक पाल को सूचना मिली कि वारंटी अपने गांव आया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचीं पुलिस ने वारंटी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है।

## पिता से अभद्रता के आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर बेटे ने पिता के साथ अभ्रदता कर दी। पीड़ित पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुरा निवासी जगराम ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा अजय कुमार पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर विवाद करता रहता है। उन्होंने कई बार समझाया कि समय आने पर वह बंटवारा कर देंगे। लेकिन वह बंटवारे को लेकर अक्सर उग्र हो जाता है। आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह वह बंटवारे को लेकर विवाद कर रहा था, जब उन्होंने रोका तो अभद्रता करते हुए गाली, गलौज कर दी। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

## नालियों पर पत्थर रखकर बंद किए जाने की शिकायत एसडीएम से की

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** मोहल्ले के कुछ लोगों द्वारा नालियों पर पत्थर रखकर नालियों को बंद किए जाने की शिकायत पीड़ित मोहल्लेवासी ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला रापटगंज निवासी दिनेश लोहिया ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके मोहल्ले में स्थित एक स्कूल के पास मोहल्ले के ही कुछ लोगों ने नालियों को बंद कर रखा है। वहीं कुछ स्थान पर नालियों पर पत्थर रखकर उसे जाम कर दिया गया है। इस समय बारिश का मौसम चल रहा है। नालियां जाम होने से जरा सी बारिश में मोहल्ले में जलभराव हो जाता है और नालियों का पानी घरों में घुसने लगता है। इससे मोहल्ले के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। अतिक्रमणकारियों को यदि नालियां खोलने के लिए कहा जाता है तो वह झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित ने एसडीएम से नालियों को अतिक्रमणमुक्त कराने बंद नालियों को खुलवाने की मांग की है।

## सरकारी गूल को तोड़कर दबंग किसानों ने अपने खेतों में मिलाया

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** सरकारी गूल को तोड़कर कुछ किसानों ने अपने खेतों में मिला लिया है। जिसके चलते अन्य किसान सिंचाई के लिए परेशान होते हैं। पीड़ित किसानों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर गूल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

काशीनाथ निवासी मयंक, चुर्खीबाल निवासी जसराम, भगवानदास आदि ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उनकी कृषि योग्य भूमि मौजा भिटारा में स्थित है। उनके खेत से पूर्व दिशा में गूल बनी हुई है। उनके खेतों में सिंचाई के लिए एकमात्र साधन यही गूल है। लेकिन इस गूल को कुछ किसानों ने जबरन तोड़कर अपने खेतों में मिला लिया है। गूल टूट जाने के कारण अब खेत तक पानी पहुंचना बंद हो गया है। ऐसे में खेतों में सिंचाई के लिए परेशान होना पड़ता है। कई बार उपरोक्त किसानों को गूल खोलने के लिए कहा है। लेकिन वह हर बार झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। पीड़ित किसानों ने एसडीएम से गूल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशान न होना पड़े।

## पुराने यमुना पुल मे एक्सपेंशन जॉइंट बदलने का किया काम शुरू 2 सप्ताह बदलने में लगेगा समय

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 24 जुलाई।** कानपुर-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित 56 वर्ष पुराने यमुना पुल की मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है। पुल पर बेयरिंग बदलने सहित प्रमुख तकनीकी कार्य पूरे होने के बाद अब चार एक्सपेंशन ज्वाइंट बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। निर्माण एजेंसी का कहना है कि शेष कार्य पूरा होने में करीब 15 दिन का समय लगेगा।





मरम्मत कार्य करा रही सैन फील्ड इंडिया लिमिटेड, भोपाल के एजीएम संजोग गोटीबाल ने बताया कि पुल पर कुल चार एक्सपेंशन ज्वाइंट लगाए जाने हैं। इनमें दो कालपी की ओर और दो कानपुर देहात के चौरा की ओर स्थापित किए जाएंगे। फिलहाल कालपी की तरफ आधे पुल पर पुराने एक्सपेंशन ज्वाइंट निकालकर निर्धारित गहराई तक खुदाई की जा रही है। इसके बाद नए ज्वाइंट फिट कर उन्हें सीमेंट-कंक्रीट से मजबूती के साथ जाम किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कंक्रीट को पूरी तरह से सुदृढ़ होने में कम से कम सात दिन का समय लगेगा। इस अवधि में चार दिनों तक नियमित रूप से पानी डालकर क्योरिंग (तराई) की जाएगी, ताकि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनी रहे और ज्वाइंट लंबे समय तक सुरक्षित ढंग से कार्य कर सकें एजीएम संजोग गोटीबाल के अनुसार चारों एक्सपेंशन ज्वाइंट लगाने और शेष तकनीकी कार्यों को पूरा करने में लगभग 15 दिन का समय लगेगा। कार्य पूर्ण होने के बाद पुल का अंतिम निरीक्षण किया जाएगा, जिसके उपरांत यातायात संचालन को लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। निर्माण जेंसी का दावा है कि मरम्मत कार्य के मानकों के अनुरूप कराया जा रहा है, जिससे पुल की सुरक्षा और उपयोगिता लंबे समय तक बनी रहेगी।

## उरई में अगस्त से हर कार्यदिवस लगेगी राजस्व ग्राम न्यायालय, एसडीएम (न्यायिक) रिंकू सिंह राही ने जारी किए सख्त निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनसामान्य के राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी (न्यायिक) उरई रिंकू सिंह राही (आईएएस) ने अगस्त 2026 से प्रत्येक कार्यदिवस पर राजस्व ग्राम न्यायालय (Revenue Village Court) आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।



जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार को ग्रामवार न्यायालय कैलेंडर तैयार करने, सीमांकन, पैमाइश, खसरा-खतौनी संशोधन, नोटिस तामील, अभिलेख सत्यापन तथा रियल-टाइम खतौनी के परीक्षण सहित सभी आवश्यक तैयारियां पहले से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक प्रस्तावित प्रकरण से संबंधित सभी अभिलेख पूर्ण, सत्यापित एवं अद्यतन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि राजस्व न्यायालयों का संचालन पारदर्शी, व्यवस्थित, विवादरहित और परिणामोन्मुख ढंग से हो सके तथा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 की धारा 229 के तहत बाद में त्रुटि सुधार की आवश्यकता न पड़े। इस आदेश की प्रतिलिपि आयुक्त झांसी मंडल, जिलाधिकारी जालौन तथा उपजिलाधिकारी उरई को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित की गई है।

## ग्रह कलह से परेशान महिला ने खा लिया जहर

### हुई बेहोश जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 24 जुलाई।** 28 वर्षीय सोनिया पत्नी सुमित कुमार निवासी अकबरपुर इटौरा ने गुरुवार की शाम गृह कलह के चलते आक्रोशित होकर घर में रखा हुआ जहरीला विषय पदार्थ खाकर हालत बिगड़ी घर पर मौजूद परिजनो ने आनंन फानन घर से बिगड़ी हुई हालत में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख ने महिला मरीज की जांच की जांच दौरान गंभीर स्थिति पाये जाने पर प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

## दो मंजिला मकान से गिरने से मजदूर की मौत

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में दो मंजिला मकान से गिरने से मजदूर की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह शव के गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया। बता दे कि कोतवाली क्षेत्र के धमना निवासी श्रीपाल शाक्यवार उर्फ टंटी गाजियाबाद में पुताई का काम करता था। गुरूवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में दो मंजिला मकान से नीचे गिर गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मोबाइल फोन से परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मजदूर का शव शुक्रवार सुबह जैसे ही गांव पहुंचा कोहराम मच गया। मृतक की मां रामकली, पत्नी सुमन देवी, भाई अवधेश, रामकिशोर का रो रो कर बुरा हाल है। मृतक की मां रामकली ने बताया कि 15 दिन पहले घर काम के लिए गाजियाबाद गया था। साबन में घर आने को कह रहा था। मेरे पुत्र की मौत नहीं हुई है उसके साथ किसी ने धोखा किया है।

## पोस्को एक्ट का अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

( यंग भारत न्यूज )

**एट।** काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी ब्रजेश कुमार पुलिस बल के साथ विरगुवा खुर्द क्रॉसिंग के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी अभियुक्त पर्वत सिंह पुत्र कलुआ जाटव उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम विजयपुर थाना भौती जनपद शिवपुरी मध्य प्रदेश ने पुलिस को देखकर भागने लगा तभी चौकी प्रभारी ब्रजेश कुमार और कॉन्स्टेबल राहुल ने अभियुक्त को पकड़ लिया।

## रिश्वत मांगने के आरोप में घिरा विद्युत विभाग कर्मी

### बिजली कनेक्शन ट्रांसफर कराने के नाम पर पांच हजार रूपए रिश्वत मांगने का लगाया आरोप

**ललितपुर।** बिजली कनेक्शन के नाम परिवर्तन के एवज में विद्युत विभाग के एक कर्मचारी द्वारा कथित रूप से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पत्रकार राममूर्ति तिवारी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि उनके पिता जुगल किशोर तिवारी, जो पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं, उनके नाम पर घरेलू विद्युत कनेक्शन है। परिवार सोलर प्लांट लगवाना चाहता है, लेकिन अधिक उम्र होने के कारण बैंक उनके नाम पर वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं करा रहा है। इसी कारण बिजली कनेक्शन मेरे नाम स्थानांतरित कराने के लिए 22 जुलाई को गल्ला मंडी स्थित पावर हाउस में जेई प्रभु दयाल को आवेदन दिया गया था। आरोप है कि इसी दौरान विभाग के कर्मचारी अभिराज राजपूत ने नाम परिवर्तन की प्रक्रिया के बदले पांच हजार रुपये की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां मौजूद कर्मचारी ने कथित तौर पर कहा कि रुपये नहीं दोगे तो विभाग के चक्कर काटते रहोगे, लेकिन काम नहीं होगा। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध सख्त विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि आम नागरिकों को इस प्रकार की कथित रिश्वतखोरी का सामना न करना पड़े।

## टेंडर के बाद भी नहीं बनी सडक़-नाली, ठेकेदार की लापरवाही से जुगपुरा के लोग परेशान

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या-8 जुगपुरा स्थित मां अहिल्याबाई बालिका इंटर कॉलेज के पीछे प्रस्तावित सडक़ एवं नाली निर्माण कार्य टेंडर होने के बाद भी शुरू नहीं हो सका है। निर्माण कार्य में हो रही लगातार देरी से क्षेत्रवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का आरोप है कि ठेकेदार बार-बार आश्वासन देकर काम टाल रहा है, जिससे आमजन को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मार्ग के बीचों-बीच करीब दो फीट ऊंचा पत्थर निकला हुआ है, जिसके कारण सडक़ निर्माण आवश्यक माना गया था। इस सडक़ और नाली निर्माण का प्रस्ताव तत्कालीन समय में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में आयोजित नगर पालिका बोर्ड बैठक में स्वीकृत किया गया था। इसके बाद निर्माण कार्य की निविदा जारी हुई और निर्धारित अनुमानित लागत के आधार पर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। मोहल्लेवासियों का कहना है कि टेंडर मिलने के बावजूद ठेकेदार लगातार निर्माण कार्य शुरू करने में टालमटोल कर रहा है। कई बार संपर्क करने पर वह अलग-अलग बहाने बनाकर कार्य को आगे बढ़ाने से बच रहा है। लोगों का आरोप है कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को अनावश्यक परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन और अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए जाने के बावजूद भी ठेकेदार की लापरवाही बनी हुई है। सडक़ नहीं बनने से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और मरीजों को हो रही है। मां अहिल्याबाई बालिका इंटर कॉलेज आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन कीचड़ और ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरना पड़ता है। वहीं महिलाओं को मंदिर जाने, मरीजों को अस्पताल पहुंचाने तथा बुजुर्गों को पैदल आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान हालात और भी खराब हो गए हैं। मार्ग पर कीचड़ और जलभराव होने से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया। परेशान मोहल्लेवासियों ने स्वयं चंदा एकत्र कर रास्ते पर मिट्टी डलवाकर आवागमन कुछ हद तक सुचारु कराया, लेकिन यह व्यवस्था भी अस्थायी साबित हो रही है।

## जुए के फड पर पुलिस का छापा 8 जुआरी गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** शहर कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिसमें मुखबिर की सटीक सूचना पर जुए के फड पर छापेमारी कर 8 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। बता दे कि उरई कोतवाली पुलिस को पिछले कुछ दिनों से लगातार यह शिकायतें मिल रही थीं कि क्षेत्र के कुछ हिस्सों में अवैध गतिविधियों और जुए का कारोबार तेजी से -फूल रहा है। इसी बीच, मुखबिर से पुलिस को खास सूचना मिली कि कब्रिस्तान के पास कुछ लोग एकत्र होकर बड़े पैमाने पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया और तुरंत बताए गए स्थान के लिए रवाना किया गया। पुलिस दल ने बिना कोई वक्त गंवाए योजनाबद्ध तरीके से उस ठिकाने को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के जुआरियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर वफाती पुत्र अब्दूल सकूर निवासी मंसूराबाद, अजमेरी पुत्र लल्ला निवासी सदनपूरी, सलमान पुत्र इमामी निवासी नया पटेल नगर, रहमान पुत्र सत्तार निवासी करसान रोड, इमरान पुत्र इस्माइल निवासी बलदाऊ चौक, यासीन पुत्र मुनीर निवासी सदनपुरी, हामिद पुत्र खालिद निवासी मोहल्ला सदनपुरी, कल्लू उर्फ महफूज पुत्र मकबूल उर्फ छोटे पठान निवासी करसान रोड उरई सहित आठ जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से जामा तलाशी व मालफड से 52 अदद ताश के पत्तों के अलावा 65 हजार से अधिक रुपए बरामद किए गए।

# कदौरा क्षेत्र में संयुक्त पुलिस दल ने अंतरप्रांतीय चोर गिरोह से मुठभेड़ करके चार को दबोचा

## गोली चला रहे दो चोर पुलिस की गोली से हो गए लंगड़े

**-जिले मव चोरियों को लगातार दे रहे थे अंजाम**

**-पुलिस ने सदी हुई रणनीति के तहत एसपी एवम एएसपी द्वारा रची गई व्यू रचना में फंस गए शातिर चोर**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । थाना कदौरा पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी की घटनाओं का खुलासा कर चार शातिर अंतरजनपदीय चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो आरोपियों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस के अनुसार 21 जून 2026 को थाना कदौरा क्षेत्र के ग्राम बसेरी निवासी विमल सिंह के घर हुई चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में गठित टीम द्वारा लगातार की जा रही जांच के दौरान 23 जुलाई को चेकिंग के समय संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जबकि अन्य दो आरोपियों को भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रिकू राजपूत उर्फ कुन्दन, राघवेन्द्र राजपूत उर्फ रघु, शैलेन्द्र यादव उर्फ महेन्द्र तथा अंकित राजपूत के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, ताला तोड़ने के औजार, एक अदद पेचकस, चोरी के पांच मोबाइल फोन, एक बैग, घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन तथा 50,270 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी विभिन्न जनपदों में चोरी, आर्म्स एक्ट तथा अन्य गंभीर अपराधों के कई मुकदमों में वांछित रहे हैं। सभी के विरुद्ध विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सफलता में थाना कदौरा पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम की संयुक्त भूमिका रही।

# तीन वर्षों से बदहाल है कुरसेड़ा का कंपोजिट विद्यालय

**- खराब समरसेबल और झाड़ियों से बच्चों की सुरक्षा पर संकट**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** माधौगढ़ तहसील क्षेत्र के ग्राम कुरसेड़ा में स्थित कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय पिछले करीब तीन वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहा है। विद्यालय में लगी समरसेबल खराब होने के कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है, वहीं शौचालय में पानी की आपूर्ति ठप है। इसके अलावा रसोईघर और विद्यालय परिसर में घनी झाड़ियां व ऊंची घास उग आने से छात्र-छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि लंबे समय से समस्या होने के बावजूद जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार समरसेबल खराब होने से विद्यालय में पेयजल का कोई समुचित वैकल्पिक इंतजाम नहीं है। पानी के अभाव में शौचालय के ऊपर लगी टंकी सूखी पड़ी है। वाशबेसिन और शौचालय में पानी उपलब्ध नहीं होने से छात्र-छात्राओं, विशेषकर छात्राओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रसोईघर तक पहुंचना भी मुश्किल विद्यालय का रसोईघर जंगली झाड़ियों और पेड़ों से घिरा हुआ है, जिसके चलते वहां तक जाने का रास्ता भी अवरुद्ध हो गया है। पानी की कमी और गंदगी के बीच मध्यान्ह भोजन तैयार करना भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई न होने से समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। जहरीले जीव-जंतुओं का बना रहता है खतरा विद्यालय के मुख्य मैदान, अतिरिक्त कक्ष और रसोईघर के आसपास ऊंची घास एवं घनी झाड़ियां होने के कारण सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले कीड़े-मकोड़ों का खतरा बना रहता है। इससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों में भी चिंता है। ग्रामीणों ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति, खराब पड़ी समरसेबल, शौचालय और रसोईघर की तस्वीरों को साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत करते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने समरसेबल की मरम्मत कराने, शौचालय एवं रसोईघर में पानी की व्यवस्था बहाल करने तथा पूरे विद्यालय परिसर की सघन साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई कराने की मांग उठाई है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और स्वच्छ शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

# उमरी में दो पक्ष भिड़ गए रामचरितमानस पाठ को लेकर , दोनो के बीच हुई मारपीट

**पुलिस ने लिया एक्शन**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई** । जनपद के रामपुरा थाना क्षेत्र के उमरी नगर में शुक्रवार सुबह रामचरितमानस के अखंड पाठ के दौरान मंदिर परिसर में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना के बाद दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर देकर एक-दूसरे पर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, उमरी नगर के वार्ड संख्या-2 स्थित बिलौहां मोहल्ले के हनुमान मंदिर में अशोक कुमार दुबे द्वारा रामचरितमानस का अखंड पाठ कराया जा रहा था। इसी दौरान मंदिर की भूमि को लेकर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताते हुए पाठ रुकवाने का प्रयास किया, जिससे विवाद बढ़ गया। अशोक कुमार दुबे की पुत्री लक्ष्मी ने आरोप लगाया कि पूजा के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उनके साथ मारपीट की और बचाने आए माता-पिता के साथ भी अभद्रता करते हुए लाठी-डंडों से हमला किया। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से भी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि विवाद की जड़ मंदिर की भूमि का स्वामित्व है। एक पक्ष मंदिर को निजी संपत्ति बता रहा है, जबकि दूसरा पक्ष इसे सार्वजनिक संपत्ति बताते हुए मंदिर के निर्माण का दावा कर रहा है। इस भूमि को लेकर करीब दस वर्ष पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसमें लिखित समझौते के तहत मंदिर को सार्वजनिक संपत्ति माना गया था। रामपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक शिव प्रकाश सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। कानून व्यवस्था भंग करने या शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कुठौंद पुलिस ने एनबीडब्ल्यू में फरार चल रहे अभियुक्त को क्या गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )




**कुठौंद ( जालौन ):** कुठौंद थाना क्षेत्र अंतर्गत-पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कुठौंद पुलिस टीम ने न्यायालय से काफी दिनों से फरार चल रहे अभियुक्त राजू गौर उर्फ मदन मोहन पुत्र लल्लू गौर थाना कुठौंद जनपद जालौन उम्र करीब 56 वर्ष को दिनांक 24.7.2026 को अभियुक्त के घर के दरवाजे पर बैठा था पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी जालौन के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा प्रसाद दुबे कुठौंद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त रामू गौर और उर्फ मदन मोहन पुत्र लल्लू गौर थाना कुठौंद जनपद जालौन उम्र 56 वर्ष जो काफी समय से एनबीडब्ल्यू में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जालौन स्थान उरई द्वारा निर्गत एनबीडब्ल्यू परिवाद संख्या 2154 / 18 धारा 33स्न सरकार बनाम रामजी शुक्ला से संबंधित एक नफर वांछित अभियुक्त को जो घर के दरवाजे पर बैठा था वहां से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इस सफल कारवाई में उप निरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी कांस्टेबल प्रवीण राज शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आगमन को लेकर तैयारियां पूरी

**-कालपी रोड़ स्थित इंदिरा स्टेडियम में होगी जनसभा**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 25 जुलाई को जनपद जालौन आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शहर के कालपी रोड स्थित इंदिरा स्टेडियम में मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर पुलिस और प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी व्यवस्थाओं पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर शनिवार दोपहर करीब 12:40 बजे उरई पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री कार द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वह जनसभा को संबोधित करने के साथ ही जनपद के लिए करीब 1200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर मंच, पंडाल, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी कार्यक्रम को सफल और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं।

# दो बच्चों की मां को लेकर भाग गया प्रेमी

**थाने में पीड़ित पति ने दी तहरीर**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** जनपद के रामपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव से दो बच्चों की मां के लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के पति ने गांव के ही एक युवक पर पत्नी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए रामपुरा थाने में शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार घटना 23 जुलाई की सुबह करीब 11 बजे की है। आरोप है कि उसकी 26 वर्षीय पत्नी अपने पांच वर्षीय पुत्र और चार वर्षीय पुत्री को घर पर छोड़कर गांव के एक युवक के साथ चली गई। पति का यह भी आरोप है कि महिला अपने साथ घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा लगभग 50 हजार रुपये नकद भी ले गई। पीड़ित ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि युवक को इस घटना में उसके बड़े भाई का भी सहयोग मिला। उसने सभी आरोपितों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। उधर, रामपुरा थाना पुलिस का कहना है कि शिकायत पत्र प्राप्त हो गया है। मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी बताया कि यदि मामला पारिवारिक विवाद से संबंधित पाया जाता है तो आवश्यकतानुसार संबंधित पक्षों को उचित कानूनी प्रक्रिया एवं परिवार न्यायालय के माध्यम से भी मार्गदर्शन दिया जाएगा।

# माधौगण कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक संतोष यादव के खिलाफ खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार को दी जा रही है जेल भेजने की धमकी

**पत्रकार संगठन एवम सभ्रांत लोगों ने एसपी से की बदतमीज दरोगा के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग**

( यंग भारत न्यूज )




**माधौगण जालौन।** माधौगण कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक संतोष यादव के द्वारा जिस तरीके से आम जनमानस के साथ व्यवहार किया जा रहा है उससे आम जनमानस का सरकार के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है जिसके स्वर सुनाई देने लगे गुप्त सूत्रों के द्वारा जानकारी मिली है कि उप निरीक्षक संतोष यादव के द्वारा राजस्व से लेकर हर विभाग के ठेका लिया जाता है और उनके द्वारा अश्वासन दिया जाता है कि जो हमारे हल्का क्षेत्र में आएगा उसका मालिक में हूं और जो हम करेंगे वही होगा चाहे आप जिलाधिकारी के पास चले जाएं चाहे पुलिस अधीक्षक के पास जांच तो हमारे ही पास आएगी हम जो लिखेंगे वही होगा आम जनमानस ने दबी जुबान से यह भी बताया कि अगर किसी मामले की कोई भी जानकारी मिल गई तो समझो कि जब तक उसमें अपना सुवधा शुल्क वसूल नहीं लेते हैं तब तक उससे संबंधित आम जनमानस को चैन से रहने नहीं देते बराबर उसे जेल भेजने की धमकियां देते हैं जबकि विधानसभा के चुनाव नजदीक हैं अगर पुलिस विभाग द्वारा इस तरीके का आम जनमानस के साथ व्यवहार किया जाएगा तो इसका चुनाव पर क्या असर पड़ेगा यह तो बहुत सोचनी बात है अगर कोई पुलिस के खिलाफ खबर चलता है तो उस पत्रकार को जेल भेजने की धमकियां मिलने लगती हैं जिससे कोई पुलिस के खिलाफ खबर छापने का साहस नहीं करता है इसमें संबंधित उच्च अधिकारियों द्वारा इसकी जांच कराई जाए जिससे कि आम जनमानस के ऊपर पुलिस का जो भय व्याप्त है उसको कम किया।

# वोल्टेज और बिजली आपूर्ति बाधित होने से किसान परेशान

**ग्रामीण किसानों ने जिलाधिकारी को सौंपा प्रार्थना पत्र**

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** विकास खंड डकोर के ग्राम जगरौली खुर्द के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जालौन को संबोधित एक प्रार्थना पत्र देकर गांव में लगातार लो वोल्टेज एवं बाधित विद्युत आपूर्ति की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

कपिल यादव गुमावली के नेतृत्व में राहुल पिरौना, धीरेन्द्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजेश, साहब, धीरेन्द्र प्रताप प्रधान प्रतिनिधि, प्रहलाद, पवन, राजीव कुमार, बालादीन, सुनील पिरौना, विजय सिंह पिरौना आदि किसानों ने बताया कि इस समय धान की फसल बोने का कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन गांव में पर्याप्त बिजली आपूर्ति न मिलने और लो वोल्टेज की समस्या के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समय पर सिंचाई न होने से धान की फसल प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अधिकांश किसान खेती पर निर्भर हैं और विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से उनकी आर्थिक स्थिति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गांव में नियमित एवं पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर लो वोल्टेज की समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाए, ताकि किसान समय पर अपनी फसलों की सिंचाई कर सकें। इस प्रार्थना पत्र पर गांव के कई ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# एक पेड मां के नाम अभियान के तहत सबाविमं में रोपे गए पौधे

**हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए-पालिकाध्यक्ष**

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज मंडी, सरस्वती शिशु मंदिर एवं शिशु वाटिका परिसर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छायादार और फलदार कुल 20 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया ।कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता उपस्थित रहे। उनके साथ विद्यालय के अध्यक्ष आरबी मिश्र, उपाध्यक्ष डॉ. दिलीप अग्रवाल, प्रबंधक नरसिंह गहरवार, सहप्रबंधिका मधु गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिवप्रसाद निरंजन तथा प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे ।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल करना भी सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि पौधों को बच्चों की तरह सहेजना और उनका संरक्षण करना हम सभी की जिम्मेदारी है तभी वृक्षारोपण अभियान सफल होगा ।विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा ने बताया कि शासन की मंशा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से प्रेरित होकर यह वृक्षारोपण किया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालय की प्रत्येक कक्षा से दस-दस छात्राओं की टोली बनाई गई है, जिन्हें एक-एक पौधे की देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे छात्राओं में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित होगी ।कार्यक्रम का संचालन आचार्य श्यामशरण ने किया। इस मौके पर प्रभारी नरेंद्र सिंह, पंकज बाजपेई, नीतू गर्ग, सरोज खरे, सरला मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, प्रभा गुप्ता, शिवानी सिंह, ज्योति गुप्ता, रंजना तिवारी, प्रतीक्षा रेजा, अनिकेत, जितेंद्र सिंह, मनीष अग्रवाल, गौतम पटेल, वंदना अवस्थी, रवि कुमार, विनीत खरे, मृदुल दुबे सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों के महत्व का संदेश दिया गया।

# जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी डामर के चलते सड़क राहगीरों के लिए बनी मुसीबत

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर के देव नगर चौराहे से अक्षदा गार्डन तक जाने वाला चुर्खी-बाबई रोड नगर क्षेत्र में लगभग एक किमी जर्जर है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, उखड़ी डामर के चलते सड़क राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को यह तक पता नहीं चल पाता कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

नगर के देवनगर चौराहे से चुर्खी मार्ग नगर के सबसे व्यस्त मार्गों में गिना जाता है। इसी सड़क पर चार इंटर कॉलेज, तीन डिग्री कॉलेज, निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान और पुस्तकालय संचालित हैं। इसी मार्ग पर हाल ही में निर्मित रोडवेज बस स्टैंड, अस्पताल, फायर स्टेशन, व्यापारिक प्रतिष्ठान और आवासीय कॉलोनी भी स्थित हैं। प्रतिदिन काफी संख्या में छात्र-छात्राएं इसी मार्ग से विद्यालय और कॉलेज आते-जाते हैं। सुबह और दोपहर के समय सड़क पर विद्यार्थियों की भारी आवाजाही रहती है, लेकिन बदहाल सड़क के कारण उन्हें रोज जोखिम उठाकर इस सड़क से होकर निकलना पड़ रहा है। सड़क की खराब स्थिति का सबसे अधिक असर ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन चालकों पर पड़ रहा है। इस रोड के गड्ढों में ई-रिक्शा अक्सर असंतुलित होकर पलट जाते हैं, जिससे सवारियां घायल होती हैं। बाइक और स्कूटी चालक भी गड्ढों से बचने के प्रयास में दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। बारिश के दौरान स्थिति और भी भयावह हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भरने से वह दिखाई नहीं देते हैं। नगर के अनुराग, अशोक, विकास आदि कहते हैं कि लंबे समय से सड़क की मरम्मत की मांग की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देते हैं। ऐसे में स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। 25 जुलाई को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनपद भ्रमण को लेकर प्रशासन विभिन्न व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। ऐसे में लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि क्या मुख्यमंत्री के आगमन से पहले नगर की इस प्रमुख सड़क की ओर भी जिम्मेदार अधिकारियों का ध्यान जाएगा या फिर यह मार्ग अपनी बदहाली के साथ ही लोगों की परेशानी बढ़ाता रहेगा। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि देव नगर चौराहे से अक्षरा गार्डन तक सड़क का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। साथ ही गड्ढों की मरम्मत के बजाय पूरी सड़क का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों, मरीजों, व्यापारियों और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उनका कहना है कि नगर के शिक्षा और स्वास्थ्य से जुड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग की अनदेखी अब किसी भी स्थिति में उचित नहीं है।

# एबीवीपी के तत्वाधान में एमपीडीसी में कैरियर काउंसिल कार्यक्रम आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** स्थानीय मथुरा प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के अवसरों और व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आशु निरंजन उपस्थित रहे जव कि वशिष्ठ अतिथि के रूप में विकास पटेल धनौरा उपस्थित रहे।वही मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित एबीवीपी के विभाग संगठन मंत्री सोमू तथा भूपेंद्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का संयोजन रामजी अग्रवाल ने उपस्थित अतिथिओ का आभार व्यक्त किया।मंचस्थ अतिथिओ ने अपने संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में केवल डिग्री प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि सही मार्गदर्शन, कौशल विकास और लक्ष्य के प्रति समर्पण सफलता की कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी रुचि के अनुसार कैरियर का चयन करने, समय का सदुपयोग करने तथा निरंतर अध्ययन और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, रोजगार के नए अवसरों और कैरियर की संभावनाओं पर भी विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने भी अपने कैरियर से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे जिनका विशेषज्ञों ने सरल और व्यावहारिक तरीके से जवाब देकर उनका समाधान किया। विद्यार्थियों ने इस काउंसलिंग सत्र को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें भविष्य की दिशा तय करने में काफी






सहायता मिलेगी।इस अवसर पर जिला विस्तारक हनी अग्रवाल, कर्मवीर, प्रशांत पाटकर, अमन कुशवाहा, मुकेश यादव, कीर्त श्रीवास्तव, विशाखा प्रजापति, तान्या,छवि सोनी, ऋषिका, तपस्या, रूपेश सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की सक्रिय भूमिका के संदेश के साथ हुआ।

# कालपी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महर्षि वेदव्यास किए जाने को लेकर मुख्यमंत्री को दिया जाएगा ज्ञापन



## -अधिवक्ताओं ने एसडीएम को सौंपा मांगपत्र

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** धार्मिक नगरी कालपी में रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महर्षि वेदव्यास के नाम किए जाने को लेकर स्थानीय नगर कालपी के अधिवक्ता देवेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन दिया जाएगा।

उक्त मामले को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ता देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने एसडीएम विनय कुमार मौर्य को मांगपत्र सौंपते हुए अवगत कराया है कि कालिंद्री मैया के पावन तट पर स्थित कालपी नगरी विश्व साहित्य के रचयिता महाभारत 18 पुराणों एवं उपनिषदों के प्रणेता महर्षि वेदव्यास जी की जन्मस्थली है। यह स्थान हमारी संस्कृति विरासत का प्रतीक एवं सनातन धर्म का प्रमुख तीर्थ क्षेत्र है। इसी क्रम करते कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संकल्प वध हैं। आपके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अनेक तीर्थ स्थान को नई पहचान दी है। इसी क्रम में हम तीर्थ यात्रियों की वर्षों पुरानी मांग है कि कालपी की वैश्विक पहचान महर्षि वेदव्यास की जन्म भूमि के रूप में स्थापित हो। कालपी की सांस्कृतिक पहचान को अक्षुण रखना नई पीढ़ी को गौरव से अवगत कराने एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कालपी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर महर्षि वेदव्यास रेलवे स्टेशन कालपी किए जाने की मांग की है। एसडीएम को मांगपत्र सौंपने वालों में राकेश द्विवेदी एडवोकेट सहित कई लोग शामिल रहे।

# पौधशालाओं में 11 लाख 34 हजार पौध हुई तैयार, वृक्षारोपण कार्यक्रम जोरों पर


( यंग भारत न्यूज )



**कालपी-उरई।** कालपी रेंज की 4 अलग-अलग पौधशालाओं में वृक्षारोपण कार्यक्रम -2026 के अंतर्गत वन विभाग के क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार की अगुवाई में 11 लाख 34 हजार पौधों को तैयार किया गया है। तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जा रहा है जनपद के उप वंन संरक्षक प्रदीप कुमार के निर्देश के अनुरूप वन विभाग के द्वारा परिसर में स्थिति व्यास पौधशाला में एक लाख 95 हजार 540 पौध, सुल्तानपुर पौधशाला तीन लाख 21 हजार, आलमपुर पौधशाला में दो लाख 11 हजार, सोहरापुर पौधशाला में 4 लाख 5 हजार पौध तैयार किया गया है। झांसी के मुख्य वन संरक्षक एचवी गिरीश ने बीते दिनों निरीक्षण के दौरान विभागीय अधिकारियों तथा कर्मचारियों को निर्देश दिया कि पौधों के रोपण के अलावा उनको संरक्षित करने के लिए भी जागरूक करे। वन संरक्षक में हरित योजना को भी सफल बनाने की के लिए आगाज किया। इस मौके पर क्षेत्रीय वनधिकारी कालपी देवेंद्र कुमार, वर्षा सिंह,अजीत सिंह मन्ना सिंह, महेंद्र कुमार, हरिओम व रेंज स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे। वन क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार के मुताबिक छायादार, शोभाकार तथा फलदार वृक्ष तैयार हुए हैं। अब आम तथा चंदन की पौध तैयार करने की योजना में काम चल रहा है।

# माधौगढ का चार सालों से दलदल में तब्दील सिहारी रोड, जिम्मेदार बने बेखबर

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ( जालौन)** जिले के माधौगढ़ क्षेत्र में स्थित सिहारी रोड बीते 4 सालों से बदहाली का शिकार है। बारिश का मौसम आते ही यह सड़क पूरी तरह जलमग्न होकर गड्ढों और दलदल में तब्दील हो जाती है। बुंदेलखंड स्कूल के पास की यह स्थिति स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों के लिए बड़ी आफत बनी हुई है।

इस मुख्य मार्ग पर सुबोध एजेंसी और विद्युत विभाग का 33 केवी सब-स्टेशन जैसे महत्वपूर्ण संस्थान मौजूद हैं। इसके बावजूद प्रतिदिन सैकड़ों लोग और वाहन चालक मजबूरी में इन पानी भरे गड्ढों से होकर गुजरते हैं। अक्सर असंतुलित होकर बाइक सवार इन गड्ढों में गिर जाते हैं, जिससे न केवल गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो रही हैं, बल्कि लोग चोटिल भी हो रहे हैं। पानी और कीचड़ से भरे रास्ते के कारण बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले वासियों का कहना है कि रात के समय जब वे काम से लौटते हैं, तो जलभराव के बीच से गुजरते वक्त जहरीले कीड़ों-मकोड़ों के काटने का डर लगातार बना रहता है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि सरकार और प्रशासन द्वारा अन्य सभी मुख्य सड़कों का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन सिहारी रोड पर न तो किसी जन-प्रतिनिधि की नजर पड़ रही है और न ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों की। > स्थानीय निवासियों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द इस समस्या का संज्ञान ले और सिहारी रोड का पक्का निर्माण कराए, ताकि आम जनता को इस 4 साल पुराने 'दर्द' से राहत

# मंदिर का फर्जी पंजीकरण कराने वाले के विरुद्ध ग्रामीण लामबंद

## ग्रामीणो ने एसडीएम से की लिखित शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम बरौदा कलां के ग्रामीणों ने श्री रामराजा मंदिर, दुर्गा अजेय मंदिर परिसर की कथित फर्जी समिति के पंजीकरण का विरोध करते हुए उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार यादव को शिकायती पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और प्रस्तावित पंजीकरण निरस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की सहमति के बिना कुछ लोग मंदिर समिति का पंजीकरण अपने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं।ग्रामीणो ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव का दुर्गा मंदिर करीब 100 वर्षों से सर्व समाज की आस्था का केंद्र है, जहां सभी वर्गों के लोग पूजा-अर्चना करते हैं। हाल ही में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और चंदे से भगवान श्री रामराजा सरकार की प्रतिमा की स्थापना के लिए नया मंदिर भी बनवाया है। आरोप है कि हरपाल सिंह और श्यामसुंदर ने गांव की आम सहमति और बैठक के बिना कुछ लोगों को साथ लेकर मंदिर समिति का पंजीकरण कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि यदि समिति का पंजीकरण इन लोगों के नाम हो गया तो मंदिर के संचालन और चढ़ावे पर एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा तथा सामाजिक भेदभाव की आशंका भी बनी रहेगी। शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम से मांग की है कि सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स, सोसाइटी एवं चिट्स, झांसी से आने वाले किसी भी पंजीकरण प्रस्ताव पर निर्णय लेने से पहले समस्त ग्रामवासियों की राय ली जाए और यदि प्रक्रिया में अनियमितता पाई जाए तो प्रस्ताव निरस्त किया जाए। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।इस मौके पर पूर्व प्रधान हरदास,विनोद कुमार, विजय सिंह, देवेंद्र द्विवेदी, केशव दास वर्मा, मलखान, अनिल पटैरिया सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

# अलग - अलग स्थानों में झगड़ा कर रहे दो लोगों का पुलिस ने किया चालान

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी-उरई।** स्थानीय नगर के अलग-अलग मोहल्लों में गाली-गलौज व झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे दो लोगों को इलाकाई पुलिस ने गिरफ्तार कर शांति भंग की कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार महमूदपुरा चौकी प्रभारी दिलीप कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान हरीगंज मोहल्ले में झगड़े की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसी से विवाद कर रहे आरोपी तौसीफ निवासी हरीगंज को गिरफ्तार कर लिया।वहीं टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र सिपाही अभिषेक यादव के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस राम चबूतरा मोहल्ले पहुंची वहीं आरोपी करन गाली-गलौज व मारपीट करता मिला। पुलिस ने पकड़ लिया।सब इंस्पेक्टरों ने अलग-अलग चालानी रिपोर्ट तैयार कर आरोपियों को शांति भंग की सुसंगत धाराओं के तहत चालान कर दिया।

# चन्दुर्रा गैशाला स्थानांतरण के विरोध में सड़को पर उतरे ग्रामीण

## मौके पर पहुंचे अधिकारियो को बापस लौटाया

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम चंदुर्रा में गौशाला को दूसरे गांव में शिफ्ट किए जाने की सूचना पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने गौशाला के बाहर एकत्र होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और गौवंशों की बदहाल स्थिति व अव्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

ग्रामीणों का आरोप है कि गौशाला की जाली टूटी हुई है, जिससे गौवंशों की सुरक्षा खतरे में है और उनके रखरखाव की समुचित व्यवस्था भी नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि गौशाला को स्थानांतरित करने के बजाय पहले यहां की व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं और गौवंशों के लिए पर्याप्त चारा, पानी व सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। करीब एक घंटे तक चले हंगामेदार प्रदर्शन के दौरान माहौल तनावपूर्ण बना रहा।विरोध के चलते मौके पर पहुंचे एडीओ पंचायत देवीशरण और ग्राम सचिव पूनम को ग्रामीणों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा और उन्हें बिना किसी निर्णय के बैरंग बापस लौटना पड़ा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि गौवंशों की देखभाल और गौशाला की व्यवस्थाओं में जल्द सुधार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वही एडीओ पंचायत देवी शरण ने बताया कि गांव में अभी प्रधान का पद खाली हैं इस वजह से गौशाला की देखरेख करने वाला कोई नही हैं इसी कारण से इसका स्थान्तरित किया जा रहा है।इस मौके पर ग्रामीण आदित्य निरंजन, शिवम द्विवेदी और गौशाला केयर टेकर योगेन्द्र कुमार ने भी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया देते हुए गौशाला की समस्याओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# मेड़ तोड़कर खेत जोतने का आरोप में पांच नामजदों पर मुकदमा दर्ज

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी ( जालौन )।** तहसील कालपी क्षेत्र के ग्राम जलालपुर फार्म में संस्था की भूमि की वर्षों पुरानी मेड़ (बांधी) तोड़कर खेत जोतने तथा अवैध कब्जे का प्रयास करने के आरोप में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उक्त मामले को लेकर श्रीमती अमित कुमार महाविद्यालय अटरा कलां के प्रबंधक विष्णु पाल सिंह द्वारा थाना चुर्खी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुये अवगत कराया है कि ग्राम जलालपुर फार्म स्थित संस्था की भूमि की वर्षों पुरानी मेड़ को तोड़कर खेत जोत दिया गया। उन्होंने आरोप है कि गांव निवासियों आरोपियों लक्ष्मण उनके पुत्र जीतू तथा तीन अन्य लोगों ने जबरन खेत जोतकर संस्था की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया, जिससे संस्था को लगभग 5 से 6 लाख रुपये का नुकसान हुआ। वादी के अनुसार दिनांक 14 जुलाई 2026 को दोपहर करीब दो बजे घटना की जानकारी मिलने पर भगवान सिंह और श्रवण कुमार दोहरे को मौके पर भेजा गया। वहां आरोपित ट्रैक्टर से खेत जोतते मिले। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। वादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों के एक रिश्तेदार के खिलाफ पूर्व में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है और वह वर्तमान में फरार चल रहा है। थाना चुर्खी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# राम भक्त रूठे! चढ़ावा चोरी के बाद अयोध्या में सन्नाटा, 80% तक कारोबार ठप; 51 हजार देने वाले चढ़ा रहे सिर्फ 51

**( यंग भारत न्यूज )**

अयोध्या के भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद देश के प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में उभरी अयोध्या नगरी में इन दिनों मायूसी छायी हुई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े चढ़ावा चोरी और वित्तीय गड़बड़ियों के विवाद ने न केवल श्रद्धालुओं के भरोसे को ठेस पहुंचाई है, बल्कि इसका सीधा और घातक असर अयोध्या की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर भी देखने को मिल रहा है।

राम भक्त रूठे! चढ़ावा चोरी के बाद अयोध्या में सन्नाटा, 80% तक कारोबार ठप; 51 हजार देने वाले चढ़ा रहे सिर्फ 51




एक रिपोर्ट के अनुसार, चढ़ावा चोरी मामला सामने आने के बाद मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में भारी गिरावट देखी गई है। भक्तों की संख्या में आई कमी और श्रद्धालुओं के दान न देने के रुख के कारण आसपास के छोटेबड़े कारोबार को बढ़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि राम मंदिर परिसर के बाहर खड़े देश के कोनेकोने से आए श्रद्धालुओं की सोच में बदलाव साफ देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं का कहना कि हमें भगवान राम पर अटूट आस्था है, लेकिन मंदिर का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट पर अब भरोसा नहीं रहा। चढ़ावे का पैसा चुराया जा रहा है, इसलिए अब दानपेटी में पैसे डालने के बजाय हम किसी गरीब बच्चे की पढ़ाई या जरूरतमंद की मदद करेंगे। हरियाणा के हिसार से पहुंचे रामकृष्ण जैन ने बताया कि वह 2024 में 5,100 रुपये का दान देकर गए थे, लेकिन इस बार केवल 51 रुपये ही चढ़ा रहे हैं। सोशल मीडिया और समाचारों में चंदा चोरी की खबरें फैलने के बाद श्रद्धालु अब खासकर सोना, चांदी, गहने और बड़ी नकद राशि दान करने से पूरी तरह कतरा रहे हैं। इस प्रकरण में होटल और गेस्ट हाउस उद्योग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। श्रद्धालुओं की घटती संख्या की सबसे भारी मार अयोध्या के होटल, होम स्टे और गेस्ट हाउस संचालकों पर पड़ी है। मंदिर के पास 20 कमरों का गेस्ट हाउस चलाने वाले हरिओम वर्मा के अनुसार, पिछले एक महीने में उनका कारोबार 80 फीसदी तक ठप हो गया है। कमोबेश यही स्थिति मध्यम और बजट श्रेणी के 2स्टार और 3स्टार होटलों की भी है। होटल मालिकों का कहना है कि मानसून के मौसम में भीड़ थोड़ी कम होती है, लेकिन पिछले साल की तुलना में इस बार दान विवाद के चलते बुकिंग्स में अप्रत्याशित गिरावट दर्ज की गई है। ठीक बाहर स्थित हरिश्चंद्र मार्केट, रिकाबगंज और आसपास की गलियों के दुकानदार ग्राहकी न होने से बेहाल हैं। पूजा सामग्री, पीतल के बर्तन, तस्वीरें और कपड़े बेचने वाले व्यापारियों का कहना है कि पिछले एक महीने में उनका व्यापार 50 से 70 प्रतिशत तक गिर गया है। पूजा सामग्री विक्रेता बलराम गुप्ता बताते है कि पहले सामान्य दिनों में भी 10,000 से 12,000 रुपये रोजाना की बिक्री हो जाती थी, अब 2,000 रुपये कमाना भी मुश्किल हो रहा है। जो पर्यटक आते भी हैं, वे खरीदारी करने या रास्ता पूछने के बजाय दान चोरी और इसमें शामिल आरोपियों के बारे में सवाल पूछते हैं। जून में चंदा एवं चढ़ावे की चोरी का मामला उजागर होने के बाद पुलिस अब तक ट्रस्ट के 8 कर्मचारियों को गिरफ्तार कर चुकी है। विवाद बढ़ता देख श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव और ट्रस्टी अनिल मिश्रा अपने पदों से इस्तीफा दे चुके हैं। मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है।

# मुजफ्फरनगरः हिंदू रक्षा दल का जिलाध्यक्ष निकला फिरौती कांड का आरोपी, कारोबारी से मांगी थी 50 लाख की रंगदारी

**( यंग भारत न्यूज )**



**मुजफ्फरनगरः** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में स्क्रैप से भरी पिकअप लूटकर कारोबारी से फिल्मी अंदाज में रंगदारी वसूलने वाले गिरोह का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान हिंदू रक्षा दल के युवा जिलाध्यक्ष हेमंत के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पिकअप चालक और परिचालक को बंधक बनाकर उनके मोबाइल फोन से वाहन मालिक को कॉल कराया और 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। बाद में सौदेबाजी के बाद 9 लाख रुपये लेकर वाहन छोड़ दिया गया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि गिरोह का मुख्य सरगना समेत छह से अधिक आरोपी अभी फरार हैं।

पुलिस के अनुसार, 21 जुलाई की सुबह देहरादून से स्क्रैप लेकर दिल्ली जा रही पिकअप को मुजफ्फरनगर हाईवे पर बढ़ेड़ी कट के पास कार और बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर रोक लिया। आरोपियों ने चालक और परिचालक को धमकाते हुए वाहन अपने कब्जे में ले लिया और उन्हें सुनसान स्थान पर ले गए। बंधक बनाए गए परिचालक के मोबाइल फोन से दिल्ली निवासी पिकअप मालिक जफर को कॉल कराया गया। बदमाशों ने वाहन छोड़ने के बदले 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। काफी देर तक चली बातचीत के बाद सौदा 12 लाख रुपये पर तय हुआ। पुलिस के मुताबिक, आरोपी पिकअप मालिक को दिल्ली से मुजफ्फरनगर बुलाकर हाईवे किनारे एक ढाबे पर ले गए, जहां उससे 9 लाख रुपये नकद लेने के बाद पिकअप वाहन वापस कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने कई टीमें गठित कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी हेमंत को गिरफ्तार कर लिया।

# नहीं कटवाए बाल तो स्कूल से कट गया नाम. डीएम से बोला परिवार कटवा लेंगे, एडमिशन करवा दीजिए

**( यंग भारत न्यूज )**

स्कूल में पढ़ाई के दौरान लंबे बालों को लेकर शिक्षक और स्कूल प्रबंधन काफी सख्त हुआ करते थे. जो भी छात्र लंबे बाल रखता था, उसकी शिकायत घर तक पहुंच जाती थी. बदलते दौर में ऐसी शिकायतें कम हो गईं, लेकिन आज भी कुछ स्कूल ऐसे हैं जो अनुशासन को सर्वोपरि मानते हैं.

ऐसा ही एक मामला कानपुर में सामने आया है, जहां स्कूल ने एक छात्र को लंबे बाल कटवाने के लिए कहा. कई बार चेतावनी देने के बावजूद जब छात्र ने बाल नहीं कटवाए, तो स्कूल ने उसका नाम ही काट दिया. अब छात्र के परिजन न्याय के लिए प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं. शुक्रवार को डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह का जनता दर्शन चल रहा था. उसी दौरान एक महिला अपने बेटे के साथ पहुंची. महिला ने बताया कि उसका बेटा केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र है. महिला के अनुसार, वह अपनी मां के निधन के कारण बेटे के साथ 20 दिन के लिए बाहर गई थी.वापस आने पर जब उसका बेटा आवेदन लेकर स्कूल पहुंचा, तो उसे कक्षा में बैठने नहीं दिया गया और टीसी थमा दी गई. महिला चाहती थी कि उसके बेटे का दोबारा स्कूल में दाखिला कराया जाए. स्कूल से नाम काटने का यह कारण डीएम जितेंद्र प्रताप सिंह के गले नहीं उतरा, तो उन्होंने छात्र से सच्चाई पूछी. पूछताछ में पता चला कि छात्र को लंबे बाल रखने का शौक है और इसके लिए उसे कई बार टोका भी जा चुका है. इसके बावजूद छात्र ने अपने बाल छोटे नहीं करवाए.ऐसे में अनुशासनहीनता के आधार पर स्कूल ने उसका नाम काट दिया. वजह सामने आने के बाद जनता दर्शन में मौजूद अन्य लोग भी चौंक गए. डीएम ने भी छात्र को समझाया कि यह उम्र पढ़ाई करने की है, ताकि उसका भविष्य बेहतर बन सके. यह समय लंबे बाल रखकर स्कूल जाने और फैशन करने का नहीं है. परिजनों ने भी डीएम को भरोसा दिलाया कि आगे से ऐसा नहीं होगा और वे खुद अपने बेटे के बाल कटवा देंगे. ये खबर आप क्विक समाचार में पढ़ रहे हैं। फिलहाल, डीएम ने स्कूल प्रबंधन से बात करने की बात कही है.



# साहब, मेरे भाई की शादी करवा दो', फरियाद लेकर पहुंचा दिव्यांग, आगरा डीएम ने कर दिया दुल्हन खोजने का वादा

**( यंग भारत न्यूज )**



**आगराः** उत्तर प्रदेश के आगरा कलेक्ट्रेट में बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी की जनसुनवाई में एक ऐसी फरियाद पहुंची, जिसने मौजूद अधिकारियों को भी भावुक कर दिया। आमतौर पर जमीन, विवाद या सरकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें लेकर आने वाले लोगों के बीच एक दिव्यांग युवक अपने बड़े भाई की शादी कराने की गुहार लेकर पहुंचा। उसने जिलाधिकारी से कहा, 'साहब, मेरे भाई की शादी करवा दीजिए।'

थाना लोहामंडी क्षेत्र के राजनगर निवासी दिव्यांग ओमप्रकाश ने जिलाधिकारी मनीष बंसल को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसके माता-पिता का निधन हो चुका है। परिवार में अब केवल वह और उसका बड़ा भाई नरेंद्र ही है। ओमप्रकाश दोनों पैरों से दिव्यांग है, जिसके कारण वह अपने भाई के लिए रिश्ते की तलाश नहीं कर पा रहा है। जनसुनवाई में ओमप्रकाश ने भावुक होकर कहा कि उसका भाई मेहनत-मजदूरी कर अच्छी कमाई भी कर लेता है, लेकिन परिवार में कोई बड़ा सदस्य नहीं होने के कारण शादी की बात आगे नहीं बढ़ पा रही है। दिव्यांग ओमप्रकाश ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया कि यदि संभव हो तो किसी सरकारी आश्रम या अन्य माध्यम से उपयुक्त युवती का रिश्ता तलाशने में प्रशासन मदद करें। दिव्यांग की इस अनोखी और मानवीय अपील को जिलाधिकारी मनीष बंसल ने गंभीरता से सुना। उन्होंने मौके पर ही समाज कल्याण अधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

# राहुल बोले- धर्मेंद्र प्रधान क्रिमिनल शिक्षा मंत्री, इस्तीफा दें : उनकी वजह से हजारों लोग सड़क पर; पैलेट गन से घायल छात्र की टी-शर्ट उठाकर घाव दिखाए

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि धर्मेंद्र प्रधान एक अपराधी शिक्षा मंत्री हैं। उन्हें हटाया जाना चाहिए। वे हमारे एजुकेशन सिस्टम के ध्वस्त होने का प्रतीक हैं। उन्हें जाना ही होगा। उन्हीं की वजह से हजारों लोग बाहर हैं।

राहुल ने पैलेट गन से घायल छात्रों से मुलाकात की। वे एक घायल छात्र को साथ में लेकर मीडिया के सामने आए। उन्होंने छात्र के हाथ में लगे घाव को दिखाया। राहुल ने कहा, 'मैं यह बताना चाहता हूं कि यहां खड़ा मेरा भाई उस समय पैलेट गन से घायल हो गया था, जब वह तिरंगा लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध-प्रदर्शन कर रहा था। सरकार का कहना है कि पैलेट गन का इस्तेमाल नहीं किया गया था। उसकी आंख को नुकसान पहुंचा है और उसकी देखने की क्षमता चली गई है। राहुल ने जिस छात्र की चोट दिखाई। उसका नाम साहिल लोचाब है। वह 19 साल का है और दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के नजफगढ़ का रहने वाला है।20 जुलाई को जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट के दौरान पुलिस की पैलेट गन से इनकी दाहिनी आंख की रोशनी चली गई थी। अककटर के जयप्रकाश नारायण एपेक्स ट्रॉमा सेंटर में सर्जरी हुई है।परिवार के मुताबिक, डॉक्टरों ने बताया है कि घायल आंख की रोशनी लौटने की सिर्फ 1% संभावना है, क्योंकि आंख की पुतली को गंभीर नुकसान पहुंचा है। साहिल दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपन लर्निंग (एसओएल) के छात्र हैं। उनकी मां ज्योति ने बताया, वह पहले भी सीजेपी के प्रदर्शन में गया था। सोमवार को भी यह कहकर गया कि यह उसके लिए जरूरी है और उसकी पढ़ाई से जुड़ा मुद्दा है। वह हमेशा पुलिस अधिकारी बनना चाहता था। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में 'राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया। यह विधेयक राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन से संबंधित है। प्रस्तावित संशोधन के तहत 'वंदे मातरम्' के अपमान या उसके गायन में जानबूझकर बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने का प्रावधान किया गया है। राहुल गांधी ने कहा, जब तक प्रधान को हटाया नहीं जाता, हम कोई बातचीत या चर्चा नहीं करेंगे। रिजिजू ने बयान दिया कि वह हमारे सांसदों को बताना चाहते हैं कि चर्चा होनी चाहिए। सामान्य नियम यह है कि अगर कोई किसी का नाम लेता है, तो उसका जवाब दिया जाता है। जब मैं जवाब देना चाहता था, तो मेरा माइक बंद कर दिया गया। मुझे मौका नहीं दिया गया। सदन में हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा में लगातार पांचवें दिन कार्यवाही नहीं चल सकी। नीट पेपर लीक हंगामे के बीच लोकसभा 27 जुलाई सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिए गए। वहीं राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे फिर शुरू होगी।



# सीतापुर में शिक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाईः फर्जी प्रमाणपत्रों पर नौकरी करने वाले 7 शिक्षक बर्खास्त, मुकदमा दर्ज होगा

**( यंग भारत न्यूज )**




**सीतापुरः** शिक्षा विभाग ने फर्जी प्रमाणपत्रों के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सात सहायक अध्यापकों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। विभागीय जांच में टीईटी और बीएड के फर्जी अंकपत्रों के आधार पर नियुक्ति पाने की पुष्टि होने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने तत्काल प्रभाव से बर्खास्तगी के आदेश जारी किए हैं।

साथ ही सभी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने बताया कि विभागीय जांच में सात शिक्षकों द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) एवं बीएड के फर्जी अंकपत्र प्रस्तुत कर नियुक्ति प्राप्त करने की पुष्टि हुई। इसके बाद 22 जुलाई 2026 को सभी की सेवाएं समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया। कार्रवाई की जद में खैराबाद ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर में तैनात सहायक अध्यापिका कुसुमलता, लहरपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय भानपुर के सहायक अध्यापक मनीष सिंह तथा प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर के सहायक अध्यापक भूपेंद्र कुमार शामिल हैं। इन तीनों पर फर्जी टीईटी अंकपत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने का आरोप सिद्ध हुआ। वहीं महोली ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय बसारा की सहायक अध्यापिका पूजा और प्राथमिक विद्यालय महुआकोला के सहायक अध्यापक विवेक कुमार के खिलाफ फर्जी टीईटी के साथ-साथ फर्जी बीएड अंकपत्र लगाने की पुष्टि हुई, जिसके चलते उनकी भी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। इसके अलावा सकरन ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय ताजपुर में तैनात सहायक अध्यापक मुरारी लाल रावत तथा प्राथमिक विद्यालय शिवपुरी के सहायक अध्यापक जय नारायण सिंह को भी फर्जी टीईटी प्रमाणपत्र के आधार पर नियुक्ति लेने के मामले में बर्खास्त किया गया है। बीएसए डॉ. गोरखनाथ पटेल ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में फर्जीवाड़ा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

# लखनऊ से देहरादून तक फैला नकली दवाओं का नेटवर्क ध्वस्त, एफएसडीए की जांच में अंतरराज्यीय सिंडिकेट बेनकाब

**( यंग भारत न्यूज )**

**लखनऊ।** प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त नीति के तहत चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है. लखनऊ के अमीनाबाद में बरामद नकली Flozen दवा के सैंपल से शुरू हुई जांच ने आखिरकार देहरादून में संचालित अवैध दवा निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दिया.

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) उत्तर प्रदेश ने डिजिटल साक्ष्यों और मोबाइल चैट के आधार पर पूरे अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा किया. क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एफएसडीए ने देहरादून में संचालित अवैध नकली दवा निर्माण फैक्ट्री पर छापा मारकर करीब एक करोड़ रुपये मूल्य की नकली दवाएं, पैकेजिंग सामग्री और आधुनिक मशीनरी बरामद की है. इस संयुक्त अभियान में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है. 19 जुलाई 2026 को थाना अमीनाबाद, लखनऊ में नकली दवाओं के भंडारण और बिक्री के मामले में दर्ज मुकदमे के दौरान 43 प्रकार की नकली दवाएं बरामद हुई थीं. शुरुआती जांच में मिले दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर एफएसडीए मुख्यालय ने विशेष प्रवर्तन टीम गठित की. टीम ने मोबाइल डेटा, व्हाट्सएप चैट, पैकेजिंग पैटर्न और सप्लाई चेन का विश्लेषण करते हुए पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़नी शुरू कीं. जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि गिरोह का मुख्य सप्लायर राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा गाजियाबाद में मौजूद है. इसके बाद एफएसडीए की विशेष टीम ने क्राइम ब्रांच गाजियाबाद के सहयोग से उसे 22 जुलाई को केडब्ल्यू मॉल, राजनगर एक्सटेंशन के पास से गिरफ्तार कर लिया. खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने बताया कि अमीनाबाद में हुई कार्रवाई के दौरान बरामद टैबलेट 'Flozen' दवा का नमूना जांच में स्प्यूरियस (नकली) पाया गया था. इसी बीच गिरफ्तार आरोपी राजेंद्र सिंह उर्फ अरुण टुंडा के मोबाइल की डिजिटल जांच में Flozen ब्रांड की नकली स्ट्रिप्स की तस्वीरें, पैकेजिंग से जुड़े दस्तावेज और मशीनों से संबंधित व्हाट्सएप चैट मिलीं. इन डिजिटल साक्ष्यों ने यह स्पष्ट कर दिया कि लखनऊ में बरामद नकली दवा और देहरादून में संचालित अवैध फैक्ट्री एक ही अंतरराज्यीय नेटवर्क का हिस्सा हैं. इसी सुराग के आधार पर जांच आगे बढ़ी और देहरादून स्थित फैक्ट्री पर छापा मार कर पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश किया गिरफ्तार आरोपी के मोबाइल की डिजिटल फॉरेंसिक जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए. व्हाट्सएप चैट में प्रसिद्ध दवा ब्रांडों की नकली स्ट्रिप्स, पैकेजिंग सामग्री, मशीनों के स्पेयर पार्ट्स और निर्माण से जुड़ी तस्वीरें मिलीं. जांच में यह भी सामने आया कि पैकेजिंग पर जानबूझकर ऐसे बदलाव किए गए थे जिन्हें आम ग्राहक आसानी से पहचान नहीं सकता था. इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर देहरादून स्थित अवैध फैक्ट्री का पता चला. आरोपी की निशानदेही पर उत्तर प्रदेश एफएसडीए, क्राइम ब्रांच गाजियाबाद और उत्तराखंड एफएसडीए के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने देहरादून के देवीपुर न्यू हाईवे रोड, ईस्ट होपटाउन स्थित परिसर में छापा मारा. यहां एक कमरे में आधुनिक अलू-अलू पैकिंग मशीन, स्ट्रिप मशीन, इंकजेट बेल्ट प्रिंटर, कंप्रेसर, हाई वोल्टेज स्टेबलाइजर, बड़ी मात्रा में सेमीफिनिश टैबलेट और कैप्सूल, प्रिंटेड एल्युमिनियम फॉयल, रैपर और मास्टर कार्टन बरामद किए गए. मौके पर मिले साक्ष्यों से स्पष्ट हुआ कि यहां बिना किसी वैध लाइसेंस के नकली दवाओं का निर्माण कर उन्हें प्रसिद्ध कंपनियों की पैकेजिंग में भरकर बाजार में भेजने की तैयारी की जा रही थी.



# पेयजल, डिफेंस कॉरिडोर और सौर ऊर्जा परियोजनाएं बदलेंगी बुंदेलखंड की तस्वीर : ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा

## गुरसरांय-गरौठा की 83.24 करोड़ की पेयजल योजना का लोकार्पण, 7,740 घरों तक पहुंचेगा शुद्ध पेयजल





### -बिधायक जवाहरलाल राजपूत के जनहितैषी कार्यों की हुई प्रशंसा

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शुक्रवार को गुरसराय नगर पालिका और गरौठा नगर पंचायत की संयुक्त 83.24 करोड़ रुपये की पुनर्गठित पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से गुरसराय और गरौठा क्षेत्र के करीब 7,740 घरों तक नियमित रूप से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यह परियोजना बुंदेलखंड को पेयजल संकट से राहत दिलाने के साथ–साथ क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने की।

लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए ए.के. शर्मा ने कहा कि यह योजना केवल पानी उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य, जीवन स्तर और भविष्य को बेहतर बनाने का माध्यम भी बनेगी। आधुनिक जल शोधन एवं वितरण प्रणाली के जरिए प्रत्येक घर तक सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने से जलजनित बीमारियों में कमी आएगी और लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बुंदेलखंड में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। पेयजल, बिजली, सड़क, डिफेंस कॉरिडोर और सौर ऊर्जा जैसी बड़ी परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा, उद्योग स्थापित होंगे और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि नए उद्योगों में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिले, जिससे रोजगार के लिए होने वाला पलायन रुके और बुंदेलखंड आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सके। ए.के. शर्मा ने सौर ऊर्जा को भविष्य की आवश्यकता बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा उत्पादन भी बढ़ेगा और प्रदेश आत्मनिर्भरता की दिशा में और मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण व्यवस्था को भी सुदृढ़ बना रही है, ताकि प्रदेश के प्रत्येक गांव और शहर को गुणवत्तापूर्ण एवं निर्बाध बिजली मिल सके। मंत्री ने अभिभावकों से बच्चों, विशेषकर बेटियों, को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक परियोजनाओं में वही युवा आगे बढ़ पाएंगे, जो शिक्षित और कौशलयुक्त होंगे। इसलिए शिक्षा और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। कार्यक्रम में गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने भी स्थानीय युवाओं को उद्योगों में प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिए जाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि विकास परियोजनाओं का सबसे अधिक लाभ क्षेत्र के युवाओं को मिलना चाहिए, ताकि वे अपने ही जिले में रोजगार प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम में वक्ताओं ने योजना को बुंदेलखंड के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए इसके समयबद्ध क्रियान्वयन और जनहित में प्रभावी संचालन पर जोर दिया। इस अवसर पर बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा, विधान परिषद सदस्य डॉ. बाबूलाल तिवारी और रमा निरंजन, गुरसराय नगर पालिका अध्यक्ष जयपाल सिंह चौहान, गरौठा नगर पंचायत अध्यक्ष अरुण मिश्रा, समथर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र कंसाना, ब्लॉक प्रमुख चंद्रभान अहिरवार और टीकाराम पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गरौठा गुरसराय पेयजल योजना का लोकार्पण करने पहुंचे एक शर्मा, विधायक ने किया स्वागत



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी**. 24 जुलाई को गरौठा एवं गुरसरांय नगर को पेयजल योजना की बड़ी सौगात देने के लिए लखनऊ से आए माननीय मंत्री नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग, उत्तर प्रदेश श्री ए. के. शर्मा जी गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कार्यकर्ताओं के साथ ढेरी की पुलिया पर स्वागत किया. इस दौरान मंत्री,ऱ्च शर्मा ने गरौठा गुरसरांय पेयजल पुनर्गठन योजना को लेकर जानकारी ली. केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उनसे जनता को मिलने वाले लाभ पर भी चर्चा की. मंत्री ने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में नगरों में शुद्ध एवं स्वच्छ जल पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध है इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है और गरौठा गुरसराय पेयजल योजना भी इसी की एक कड़ी है. इसके शुभारंभ के बाद निश्चित तौर पर यहां के नगर वासियों को इसका लाभ मिलेगा.

# धारा-24 के अंतर्गत दायर वादों का अभियान चलाकर करें निस्तारण : एडीएम प्रशासन

## 'न्याय पहुंचे गरीब के द्वार' गरीब व्यक्तियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत कार्य करें एसडीएम व तहसीलदार : अपर जिलाधिकारी



- **प्रवर्तन कार्यों के माध्यम से बढ़ाएं वसूली, वाणिज्य कर, आबकारी, मालकर, वाहन कर, यात्रीकर को दिए निर्देश**
- **राजस्व वादों के निस्तारण में लायें तेजी पुराने लम्बित वाद के निस्तारण में दें प्राथमिकता : अपर जिलाधिकारी**
- **उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य को करें पूर्ण : अपर जिलाधिकारी**

( यंग भारत न्यूज )


**झांसी।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने जनपद में धारा–24, धारा–67 एवं धारा–34 के अन्तर्गत दायर वादों का अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वसूली की मासिक समीक्षा करते हुए प्रवर्तन कार्यों में सुधार लाने के लिए कार्य योजना बनाकर कार्य करने की नसीहत दी ताकि शासन द्वारा निर्धारित विभागीय लक्ष्य को पूरा किया जा सके। उन्होंने वाणिज्य कर विभाग द्वारा निर्धारित मासिक लक्ष्य की सापेक्ष 58% प्रतिशत वसूली करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य योजना बनाकर वसूली बढ़ाए जाने और वसूली के स्रोतो की भी जानकारी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित करते हुये कहा कि 'न्याय पहुंचे गरीब के द्वार' गरीब व्यक्तियों को न्याय दिलाने के दृष्टिगत अपनी कार्य प्रणाली में बदलाव लाते हुये कार्य करें। उन्होने कहा कि किसी गरीब के जमीन पर व सरकारी भूमि पर कूटरचित तरीके से कब्जा करने वाले भू–माफियाओं को चिहिन्त करते हुये कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने सभी उपजिलाधिकारियों से कहा कि अपनी तहसीलों में धारा–24,धारा–34 एवं धारा–67 के वादों को सूचीबद्ध करते हुए अभियान चलाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए, उन्होंने सुझाव दिया कि अधिक पुराने वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा ऐसे वाद अथवा शिकायत को सूचीबद्ध करते हुए टीम गठित करें जो मौके पर अवैध रूप से किसी गरीब या सरकारी ज़मीनों पर कब्जा कर किये हैं नियमानुसार कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। आयोजित कर–करेत्तर एवं प्रवर्तन कार्यों की समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती पल्लवी मिश्रा ने कर–करेत्तर की प्रगति समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में विभिन्न विभागों को शासन द्वारा प्रदत्त वसूली लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति संतोषजनक नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग रणनीति तैयार करते हुए प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाएं ताकि वसूली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण किया जा सके। उन्होंने उपस्थित समस्त समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि जनपद के दस बकायादारों पर फोकस करते हुए ऐसी कार्यवाही करें कि नज़ीर बन जाए। उन्होंने एसडीएम सदर, मोंठ एवं टहरौली को संबंधित बकायादारों के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्वश्री ने कर–करेत्तर की समीक्षा करते हुए वाणिज्य कर विभाग की कम वसूली पर नाराजगी व्यक्त की, वाणिज्य कर विभाग द्वारा माह में 153.54 करोड़ के सापेक्ष 88.33 करोड़ वसूली होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए वसूली बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने अब तक की वसूली के स्रोतों की जानकारी ली और आगे कैसे वसूली में बढ़ाएंगे उसकी भी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट नवीन सभागार में आयोजित कर–करेत्तर की बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने राज्य उत्पाद शुल्क (आबकारी) विभाग की समीक्षा करते हुए मासिक लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए दुकानों की गंभीरता से चेकिंग किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने वसूली के प्रयासों में तेजी लाए जाने के निर्देश देते हुए शादी/ पार्टी हेतु एक दिन का लाइसेंस निर्गत करते हुए आय बढ़ाने का सुझाव दिया। समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने मालकर, वाहन कर, यात्री कर की समीक्षा करते हुए माह की वसूली पर संतोष व्यक्त किया। विभाग द्वारा माह का लक्ष्य 14.43 करोड़ के सापेक्ष 13.65 करोड़ की वसूली पर संतोष व्यक्त किया और वसूली को बढ़ाए जाने के निर्देश देते हुए नये वाहनों की बिक्री पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक के समापन पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि न्यायिक मजिस्ट्रेट अपने न्यायालयों में बैठे तथा अधिक से अधिक वादो का निस्तारण करने का प्रयास करें। उन्होने कहा कि लम्बित वादो को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होने कहा कि प्रत्येक मजिस्ट्रेट के लिये जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उससे अधिक वाद निस्तारित करने का प्रयास करें। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि धारा–34 के मुकदमों को विशेष प्राथमिकता देते हुये निस्तारण करें ताकि गरीबो को बार–बार न्यायालय के चक्कर न लगाने पड़े। इसी प्रकार धारा–80, धारा–116, धारा–24 आदि मामलों में पूरी मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुये निस्तारण करें। अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने विभागीय कार्यवाही, आनलाइन खसरा फीडिंग, आपदा राहत, सम्पूर्ण समाधान दिवस, भू–आवंटन, आडिट आपत्तियों के निस्तारण, आयोग से सम्बन्धित संदर्भ, चकबन्दी सहित आबकारी, परिवहन, खनन व वन, सिंचाई, विद्युत आदि विभागों के बिन्दुवार राजस्व वसूली प्रगति समीक्षा की गयी तथा लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्याय श्री अरुण कुमार गौड़ ,अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे श्री योगेन्द्र कुमार, नगर मजिस्ट्रेट श्री प्रमोद झा, खान अधिकारी श्री शैलेन्द्र सिंह सहित समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, आबकारी, विद्युत विभाग, वाणिज्य कर विभाग, आदि के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 06 विभागों शून्य जियो टैगिंग करने पर की नाराजगी व्यक्त, जल्द से जल्द शत प्रतिशत जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करेंः- डी0एम0

## पौधों की नियमित सुरक्षा एवं देखरेख कर वृक्षारोपण की सफलता सुनिश्चित करेंः-डी0एम0

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के द्वारा वर्ष 2026 हेतु जनपद में लगभग 01 करोड़ 03 लाख से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष वृक्षारोपण स्थलों की शत प्रतिशत जियो टैगिंग सुनिश्चित किया जाना है। आज जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने कलेक्ट्रेट कक्ष से जूम मीटिंग के माध्यम से जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक में जियो टैगिंग की समीक्षा करते हुए 06 विभागों द्वारा शून्य जियो टैगिंग पर नाराजगी व्यक्त की, उन्होंने कहा कि सभी विभाग जिन्होंने अभी तक किए गए लक्ष्य के सापेक्ष पौधारोपण की शत प्रतिशत जियो टैगिंग नहीं की है वह तत्काल शत प्रतिशत जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पौधों का रखरखाव बेहतर हो, ताकि वह जीवित रहे, इस कार्य में हीला हवाली करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष किया गया वृक्षारोपण शत– प्रतिशत जीवित रहे, इसे भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण के पश्चात् किन्हीं कारणों (तेज हवा, पानी, आंधी) से जो पेड़ टेढ़े मेड़े/झुक रहे हैं, उन्हें सहारा देकर सीधा किया किए जाने की समुचित व्यवस्था करते हुए थावलाबंधी की जाए तथा मृत पौधे के स्थान पर तत्काल स्वास्थ्य पौध का रोपण किया जाए।उन्होंने कहा कि माह जुलाई–2026 में अन्य विभागों द्वारा कराए गए वृक्षारोपण का अंतर्विभागीय स्थलीय सत्यापन कराए जाने हेतु टीम का गठन कर सत्यापन की कार्रवाई पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। तदपश्चात् जिलाधिकारी ने कतिपय विभागों द्वारा जियो टैगिंग के कार्य में संतोषजनक प्रगति न किये जाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रम विभाग, परिवहन विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह विभाग, औद्योगिक विकास विभाग एवं रक्षा विभाग द्वारा शून्य जियो टैकिंग पर गहरा संतोष व्यक्त किया, उन्होंने सबसे कम प्रतिशत जियो टैगिंग करने वाले विभागों को ताकीद करते हुए निर्देश दिए कि समस्त विभाग उक्त कार्य में रूचि लेते हुए तत्काल शत प्रतिशत जियो टैगिंग करना सुनिश्चित करें अन्यथा सख्त कार्यवाही की जाएगी। ज़ूम मीटिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी श्री विकास यादव ने बताया कि जनपद में 10379615 पौधारोपण के लक्ष्य के साथ सापेक्ष शत प्रतिशत लक्ष पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें रेशम विभाग एवं नमामि गंगे द्वारा सौ फीसदी जियो टैगिंग पूर्ण कर ली गई है। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग ने 95% प्रतिशत जियोटेकिंग पूर्ण कर ली है।उन्होंने अन्य विभागों को भी जल्द से जल्द जियो टैगिंग करनी का सुझाव दिया। ज़ूम मीटिंग में मुख्य विकास अधिकारी श्री रामेश्वर सुधाकर सब्बनवाड, अपर जिलाधिकारी नमामी गंगे श्री योगेन्द्र कुमार,उपायुक्त मनरेगा श्री शिखर कुमार श्रीवास्तव, डिप्टीसीएमओ डा0 अंशुमान तिवारी, डीपीआरओ डॉ0 बाल गोविन्द श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक श्रीमती रति वर्मा सहित लोक निर्माण विभाग, कृषि विभाग, श्रम विभाग के अतिरिक्त समस्त समस्त विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम में झांसी 194 एवं गुरसराय 76 सहित 270 जोड़े बंधे दाम्पत्य सूत्र में

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी :** समाज कल्याण विभाग झांसी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन गौतम, मा0 विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा निरंजन एवं जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम द ग्रीन ग्राण्डयोर, भगवन्तपुरा झांसी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रीमती ललिता यादव द्वारा मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर 177 हिन्दू एवं 17 मुस्लिम इस प्रकार कुल 194 जोड़ों का विवाह / निकाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मा0 जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पवन गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में शुमार सामूहिक विवाह योजना के माध्यम से गरीब एवं निराश्रित महिलाओं के विवाह की समस्याओं का निराकरण किया है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत उन सभी 194 नवयुगल जोड़ों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने इस आयोजन का प्रतिभागी बन दहेज प्रथा जैसी एक बड़ी कुरीति को तोड़ने का कार्य किया है। उन्होंने सामूहिक विवाह में उपस्थित समस्त जन–प्रतिनिधियों और अधिकारियों का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम हमारे लिए एक उत्सव की भांति है और यह उत्सव दो परिवारों को अटूट बंधन में बंधने के साथ ही नये रिश्तों को जन्म देता है, इसी उत्सव को मनाने के लिए हम सभी यहां उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि गरीब के घर जब बेटी जन्म लेती है तो उनको यह चिंता होती है कि अपनी बेटी का विवाह कैसे करेंगे, उनको यह चिंता होती हैं कि पैसों के आभाव में बेटी के हाथ कैसे पीले करें। मा0 मुख्यमंत्री जी ने ग़रीबी और समस्या को करीब से देखा है, इसलिए उन्होंने ग़रीब की बेटी की शादी की चिंता दूर करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना बनाई। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रहने वालों की प्रत्येक बेटी 'सरकार की बेटी' है, उस बेटी के विवाह के लिए मा0 मुख्यमंत्री जी ने ऐसी महत्वाकांक्षी योजना से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में हमारी बिटिया के विवाह का दायित्व निभाया है। आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का पण्डाल इस बात का साक्षी है, कि एक ही मंच पर दूर–दूराज से आये वर–वधुओं को हमारे मा0 जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में मा0 सदस्य, विधान परिषद श्रीमती रमा निरंजन ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत प्रतिभागी वर–वधुओं को बहुत–बहुत बधाई। आपका जीवन सुखमय, समृद्ध हो एवं आप अपने परिवार को सुचारू रूप से चलाते हुए आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि हमारी माताएं जो निराश्रित और गरीब है उनकी बेटियों की शादी की समस्या को दूर करने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिसके घर में बेटियां है तो उनके विवाह हेतु समाज कल्याण विभाग में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में रजिस्ट्रेशन कराकर इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ ले सकते है। उन्होंने कहा कि इस योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में मदद करना है। सरकार की इस योजना के अन्तर्गत, प्रत्येक जोड़े पर रू0 1 लाख उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा व्यय किया जा रहा है, जिसमें से 64 हजार रुपये कन्या के खाते में और 21 हजार रुपये के उपहार दिए जाते हैं, इसके साथ रू0 15 हजार की धनराशि कार्यक्रम आयोजन पर व्यय किया जाता है।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718